खबर संक्षेप

## रोटरी क्लब कराएगा 5 कन्याओं का विवाह



रादौर। अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अपना सहयोग देती आ रही है। इसी संदर्भ में 23 जनवरी को भी रोटरी क्लब के सदस्य 5 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाने जा रही है। यह कार्यक्रम बसंत पंचमी के इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित किया जाएगी। मौके पर मौजूद प्रोजेक्ट चेयरमैन डा. सुदेश बंसल व क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी ने बताया कि विवाह समारोह में पंकज बंसल, एमडी मैत्री होलिडेज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली मुख्यातिथि के रूप में मौजूद होंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेता नेपाल राणा, चौधरी धर्मबीर सिंहचेयरमैन शुगर फैड, चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, सीए एसके जिंदल, चेयरमैन ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज विनय मित्तल, बिन्नी, एमडी राइट डायरेक्शन आदि मौजूद रहे।

## तन्नू व ऐश्वर्या की टीम डी ने जीती प्रतियोगिता

यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड पंचकूला के आदेशानुसार वीरवार को उच्च शिक्षा निदेशालय के मार्ग दर्शन में इतिहास एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा सरस्वती महोत्सव -2026 के अवसर पर प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता समेत अन्य गतिविधियों का आयोजन गिया गया। कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

कालेज के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुराग ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तन्नू व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ऐश्वर्या की टीम डी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि एमएसडब्लयू प्रथम वर्ष के छात्र अभिषेक व अलीशा की टीम जी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में छात्रा तन्नू ने प्रथम व जीनत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## न्यू हैप्पी स्कूल में सुभाष चंद्र बोस जयंती का आयोजन

यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में वीरवार को पंचनद शोध संस्थान द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर स्वतंत्रा आंदोलन में नेताजी की भूमिका विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीए विवेक मित्तल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, तरसेज ने विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता पंचनद शोध संस्थान के सुरेश पाल ने की। मुख्य वक्ता सीए विवेक मित्तल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, उनके संघर्ष, त्याग और अदम्य राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का आहवान कर युवाओं में जोश और साहस की भावना जगाई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नेताजी के साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## एमडीवीएम स्कूल ने धूमधाम से मनाई बसंत पंचती

रादौर। एमडीवीएम पब्लिक स्कूल, हाफिजपुर के प्रांगण में वीरवार को विद्या की देवी माँ सरस्वती की आराधना पर्व व बसंत पंचमी त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मैनेजमेंट व प्रधानाचार्य अनिल कांबोज मुख्य रूप से उपस्थित मौजूद रहे। उन्होंने माँ सरस्वती का पूजन और रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना व पीले फूलों के साथ माँ का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बच्चों ने सुंदर और रंग-बिरंगी पतंगे बनाईं। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति और त्योहारों के महत्व से रूबरू कराया गया।

### जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन

# समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का जल्द करें निपटान: विनय गुलाटी

डीआईओ विनय गुलाटी ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं, 16 शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादी



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशों पर प्रशासन की ओर से वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीआईओ विनय गुलाटी ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर अधिकांश समस्याओं का समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

डीआईओ विनय गुलाटी ने बताया कि समाधान शिविर में 16 शिकायत प्राप्त हुई हैं। जिसमें यमुनानगर निवासी प्रवीण मोदगिल ने बरसात के दिनों में घरों में पानी आने बारे, जगाधरी निवासी अनिता रानी ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे, तलाकौर निवासी राखी व चंगनौली निवासी राम कुमार ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करवाने बारे, फ्रैंडस कॉलोनी निवासी मनी माला शर्मा ने इंतकाल में नाम दर्ज होने के बावजूद जमाबंदी में नाम न दर्ज होने बारे, जगाधरी निवासी राज कमल ने गली से अवैध कब्जा हटवाने बारे, साढौरा निवासी वीरेंद्र कुमार ने परिवार पहचान पत्र से बिजली मीटर हटवाने बारे, यमुनानगर निवासी अजमेर सिंह ने इंतकाल दर्ज करवाने बारे, पाबनी कला निवासी बचन सिंह ने गांव की गली से कब्जा हटवाने बारे समस्या रखी। जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया गया। जबकि शेष को संबंधित अधिकारियों के पास जल्द समाधान करने के लिए भेज दिया।

### समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता जरूरी

*राडीआईओ विनय गुलाटी ने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। जिला आयुष विभाग के अयोध्या ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को समस्या समाधान शिविर के दौरान 10 मिनट के योग का भी अभ्यास करवाया। डीआईओ विनय गुलाटी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया कि अपने विभाग के कार्य के साथ साथ योग करना भी जोड़ लें ताकि आपका मानसिक संतुलन स्वस्थ रह सके। इस अवसर पर समाधान शिविर के विशेष सदस्य खरैती लाल बत्तरा आदि मौजूद रहे।*

### त्वरित आधार पर किया जा रहा है समाधान

डीआईओ विनय गुलाटी ने बताया कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है।

# रिटायर्ड कर्मियों की मांगें पूरी नहीं कर रही सरकार:रावत




यमुनानगर के रादौर में आयोजित बैठक में रोष जताते हुए रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य।

- रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्यों की रादौर में बैठक
- संघ के जिला अध्यक्ष जोत सिंह रावत ने बैठक में लिया भाग

रादौर। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के ब्लाक रादौर के सदस्यों की कस्बा की कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रधान रमेश कुमार ने की। विशिष्ठ अतिथि के रुप में संघ के जिला अध्यक्ष जोत सिंह रावत मौजूद रहे। मौके पर सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं किए जाने पर गहरा रोष जताया। संघ के जिला अध्यक्ष जोत सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की केंद्र सरकार ने वितं विधेयक के माध्यम से पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित रखा है। जिससे पेंशन भोगियों में काफी रोष है। केंद्र सरकार की ओर से पिछले साल जनवरी ने 8वें वेतन आयोग का लाभ कर्मचारियों और पेंशनर्स को मुहैया करवाना था।

### सरकार कर रही मांगों की अनदेखी

ब्लाक प्रधान रमेश कुमार व सचिव यशपाल ने बताया कि संघ की ओर से कई बार अपनी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष मांग पत्र भेजा गया। मगर सरकार ने हर बार उनकी मांगों को अनदेखा किया है। संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जरनैल सिंह सांगवान ने बताया कि सरकार 65 व 70 वर्ष की आयु पर पेंशन वृद्धि की मांगों को पूरा नहीं कर रही है। सरकार सरकारी विभागों का निजीकरण कर रही है। सरकार मजदूर विरोध लेबर कोड लागू करना चाहती है। सरकार जन विरोधी विधेयक, बिजली विधेयक, बीज विधेयक पास करवाकर जनता का शोषण करना चाहती है। सरकार की पेंशनर्स विरोधी नितियों से पूर्व कर्मचारियों में भारी रोष है। पूर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक ईकाई 12 फरवरी को राष्ट्र व्यापी हड़ताल में भाग लेंगे। इस अवसर पर अमरनाथ सैनी, रामचंद्र, कुसुमपाल, जीतराम, कुलदीप शर्मा, सुखबीर सिंह, सतपाल मलिक, प्यारेलाल, सुभाषचंद और आदि मौजूद रहे।

# शहर के विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:बहमनी

- निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर दो कनिष्ठ अभियंताओं को भेजा नोटिस



यमुनानगर। संजय विहार कॉलोनी में पाइप डालने के कार्य का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार को शहर के वार्ड नंबर 22 की संजय विहार कॉलोनी में चल रहे गली निर्माण व अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाइप डालने के कार्य में खामियां पाए जाने पर मेयर ने मौके पर ही निर्माण कार्य को तुरंत बंद करवा दिया। उन्होंने कार्य में लापरवाही और मानकों की अनदेखी पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित दो कनिष्ठ अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही निर्माण कार्य कर रही एजेंसी के सभी कार्यों की गहन जांच कर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने के आदेश भी दिए गए। मेयर सुमन बहमनी वीरवार को वार्ड नंबर 12 के पार्षद तिलक राज, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान व अन्य के साथ संजय विहार कालोनी में पहुंची। जहां पर उन्होंने वहां चल रहे पाइप लाइन डालने के कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कार्य में लापरवाही और मानकों की अनदेखी पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित दो कनिष्ठ अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इसके बाद उन्होंने पांसरा में राजकीय उच्च विद्यालय के सामने पार्क का निरीक्षण किया। पार्क के हालात देखकर मेयर ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारी को वीडियो कॉल कर तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

### लोगों के लिए पार्क सुकून का केंद्र : मेयर

मेयर ने साफ कहा कि पार्क शहर के लोगों के लिए सुकून और स्वास्थ्य का केंद्र होते हैं। लेकिन यदि वे ही उपेक्षा का शिकार हों तो यह प्रशासन की बड़ी विफलता है। उन्होंने अधिकारियों को पार्क की साफ. सफाई ,हरियालीए बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को दुरुस्त कर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मेयर ने सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों व क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। छात्राओं ने मेयर के समक्ष स्कूल को 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा तक का स्कूल न होने के कारण अधिकतर छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती है। मेयर ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस संबंध में वह शिक्षा मंत्री से बातचीत करेंगी। इसके बाद मेयर सुमन बहमनी ने कामी माजरा में लोगों की समस्याएं भी सुनी।

# राजकुमार गोयल बने यमुनानगर टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान

- सेक्टर-17 में आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। नवनियुक्त पदाधिकारियो का स्वागत करते एसोसिएशन के सदस्य।

जिला टैक्स बार एसोसिएशन यमुनानगर के सदस्यों की बैठक का आयोजन जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 में किया गया। बैठक में जिला टैक्स बार एसोसिएशन यमुनानगर की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी जगदीश वालिया ने बताया कि नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से एडवोकेट राजकुमार गोयल को प्रधान, विवेक चौहान को उपप्रधान, पारस वर्मा को सचिव, अंकुश जैन को सह सचिव और जगदीश वालिया को मीडिया प्रभारी व राजेश वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर एसोसिएशन के पूर्व प्रधान दिनेश कत्याल ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी। मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर एसोसिएशन के सदस्यों ने स्वागत किया और उन्हें पदभार ग्रहण करवाया गया। एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान एडवोकेट राजकुमार गोयल ने सदस्यों का आभार जताया। उमौके पर एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी एडवोकेट जगदीश वालिया ने कहा की आज जीएसटी में रिफंड, नए पंजीकरण और पुराने पंजीकरण को रद्द करवाने की मुख्य समस्या है । जिसे कई बार अधिकारियो के समक्ष रखा गया।

# कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी




रादौर। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

- विद्यार्थियों को सीट बेल्ट, हेलमेट व यातायात नियमों पर किया जागरूक

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला आयोजन होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग करवाया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। रजिस्ट्रार अंकुश सिंगला एवं परिवहन प्रभारी डा. गगनदीप चावला के नेतृत्व में यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान होंडा के विशेषज्ञों द्वारा सुरक्षित ड्राइविंग तकनीक, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, यातायात नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, रक्षात्मक ड्राइविंग तथा आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों, संवादात्मक सत्रों एवं वीडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डा. एसके गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

### खाद्य पदार्थ स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी:ग्रोवर

रादौर। मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में सेहत के लिए तिल का स्वाद विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने किया। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तिल के पोषण मूल्य और स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों को समझाया गया कि पारंपरिक खाद्य पदार्थ स्वस्थ जीवन बनाए रखने में काफी महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि तिल में कैल्शियम, आयरन, स्वस्थ वसा और एंटीऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। जो इम्युनिटी बढ़ाने और शरीर को गर्माहट प्रदान करने में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने सभी को परंपरा से जुड़े स्वस्थ खानपान को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संवादात्मक चर्चाओं तथा रचनात्मक प्रदर्शनों से तिल के लड्डू, चिक्की पदार्थों की जानकारी सांझा की।

# नगर निगम के स्वच्छता के दावों की आजादनगर की गलियों में खुली पोल

- नालियां बंद होने से गंदा पानी गलियों व घरों में लगा भरने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। बंद पड़ी नालियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए स्थानीय निवासी।

स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल स्थान लाने के लिए प्रयास कर रहे नगर निगम के स्वच्छता के दावे आजाद नगर की गली नंबर पांच में खोखले साबित हो रहे हैं। आलम यह है कि आजाद नगर की गली नंबर पांच में महीना भर से गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियां बंद पड़ी हैं। जिसकी वजह से गंदा पानी गलियों व लोगों के घरों में भरने लगा है। आजादनगर के लोगों ने गंदे पानी की निकासी नहीं होने से विरोध में वीरवार को प्रदर्शन कर रोष जताया और नगर निगम व सरकार से उनकी समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। आजाद नगर गली नंबर पांच के निवासी रशमी, सोनिया, नीतू, वंदना, कमलेश, सुरेंद्र मल्होत्रा, नीशा व परवीन आदि ने बताया कि शहर के आजाद नगर की गली नंबर पांच में सैंकड़ो परिवार रह रहे हैं। इस गली में गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां तो बनाई गई हैं।



यमुनानगर। विजेताओं को सम्मानित करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा

## सौ मीटर दौड़ में सीमा ने पाया प्रथम स्थान

यमुनानगर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहर में खंडस्तरीय महिला खेदकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने की। मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शहरी तरविंदर कौर मौजूद रही। खेलकूद प्रतियोगिता में 18 से 30 वर्ष की शहरी क्षेत्र के महिलाओं व लड़कियों ने भाग लिया। परियोजना अधिकारी तरविंदर कौर ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजित 100 मीटर रेस में सीमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, आशा ने द्वितीय और रजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 300 मीटर रेस में साक्षी प्रथम, सुष्मिता द्वितीय और प्रियंका तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर रेस में मुस्कान ने पहला, कोमल ने दूसरा व फरहीन खातून ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में कुंती ने प्रथम, रीमा ने द्वितीय व अंजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### 649वें प्रकाशोत्सव पर 31 को कुरुक्षेत्र में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

# संत रविदास ने समाज को भाईचारे का दिखाया मार्ग:बंतो

प्रदेश उपाध्यक्ष ने जिला के लोगों को राज्यस्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। प्रेसवार्ता में बातचीत करते बंतो कटारिया व अन्य नेतागण।

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने समाज को समाज को समानता, भाईचारा और मानवता का मार्ग दिखाया है। उक्त शब्द भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने शहर के मेयर हाउस में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649वें प्रकाशोत्सव पर 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह के लिए जिलेवासियों को आमंत्रित करने के दौरान बातचीत करते हुए कहे। मौके पर मेयर सुमन बहमनी व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा और पूर्व चेयरमैन रोजी मलिक आनंद भी मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में सीएम सैनी होंगे मुख्यातिथि

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि संत सिरोमणि गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव पर कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाला राज्यस्तरीय समारोह ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि प्रकाशोत्सव पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यातिथि के रुप में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत अन्य केंद्र व प्रदेशस्तरीय नेता भाग लेंगे। उन्होंने जिले के लोगों को समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आहवान किया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने जिला यमुनानगर सहित सभी प्रदेशवासियों से इस पावन अवसर पर गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और एक समृद्ध एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया है। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज ने समाज को समानताए भाईचारे और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रकाशोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और संत रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें।

## पूर्व संध्या पर शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन

# बसंत पंचमी विद्या, संगीत, कला एवं ज्ञान का प्रतीक

### विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य सोमनाथ ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बसंती पंचमी की पूर्व संध्या पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजन एवं समर्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय में शिवाजी सदन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कारों एवं ज्ञान के प्रति आस्था को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी जिसमें नृत्य ,भाषण, कविता पाठ आदि रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य सोमनाथ ने अपने संबोधन में वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान ,कला और सृजनशीलता का प्रतीक है।



कुरुक्षेत्र। बसंत पंचमी पर्व मनाते बच्चे।

### नवयुग स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से द्वादश के विद्यार्थियों ने माता सरस्वती का पूजन किया तथा माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने पीले रंग के पारम्परिक वस्त्र पहन कर तथा पीला भोजन करके इस पर्व का आंनद लिया। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने रंगीन कागज का प्रयोग करते हुए सूरजमुखी के फूल बनाए, कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों ने रंगीन कागज की पतंग बनाईं, कक्षा तृतीय के विद्यार्थियों ने कागज से रंगबिरंगे मुकुट बनाए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा ने बताया कि बसंत को /"सभी ऋतुओं का राजा/" कहा जाता है। बसंत पंचमी को विशेष रूप से भारत और नेपाल में मनाया जाता है। दक्षिणी राज्यों में इस दिन को श्रीपंचमी कहा जाता है। दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, नैंसी, सीमा, परमज्योति, नीतू, सोनिया, रजनी, पायल, हरिंदर, रिहाना, मधु, पूनम, आशा, अंजलि, मोनिका, स्वाति, स्नेह, गीता, अध्यापक जसमेर, शक्ति प्रकाश, किरनजीत सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से वीरवार को डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी के अवसर पर अत्यंत हर्षोल्लास से श्रद्धा व आस्था के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गण के लिए एक अविस्मरणीय



अनुभव सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में स्कूल के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की आराधना की गई। भजनों और नृत्य के माध्यम से मां सरस्वती के प्रति नन्हे बच्चों ने आस्था व्यक्त की। श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की मौजूदगी में माता सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के निदेशक एसएन गुप्ता एवं रूप राम भी इस अवसर पर मौजूद रहे तथा पूजन में सहयोग प्रदान किया।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में बांसुरी वादन कार्यक्रम

कुरुक्षेत्र। बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर सपीक मैके की तरफ से



प्रख्यात बांसुरी वादक अजय शंकर प्रसन्ना का बांसुरी वादन कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में तबले पर उनका साथ दिया प्रख्यात तबला वादक अभिषेक मिश्रा ने। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य छात्रों में संगीत के प्रति रुचि उत्पन्न करने के साथ-साथ उन्हें निकट भविष्य में होने वाली परीक्षा के तनाव से मुक्ति दिलवाना भी था। छात्रों ने बड़े मनोयोग से इस दिव्य बांसुरी वादन का आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने छात्रों को अपने जीवन में कला प्रेमी होने का आशीष दिया। प्राचार्या पूजा कंबोज ने छात्रों को अपने उद्बोधन में शिक्षा व ज्ञान प्राप्ति के साथ-साथ संगीत को भी अपनाने को प्रेरित किया।

» इस दिन मां सरस्वती को पीले रंग का भोग लगाना लाभकारी

## बसंत पंचमी आज, बन रहे अद्भुत राजयोग : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। यही कारण है कि इस दिन बसंत पंचमी के रूप में मां सरस्वती की पूजा करने की परंपरा चली आ रही है। इस साल बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को मनाया जाएगा और इस दिन ग्रहों की चाल बेहद खास रहने वाली है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र ब्रह्म सरोवर के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, बसंत पंचमी पर एक नहीं बल्कि एक साथ कई शुभ योग बन रहे हैं, जो कुछ राशियों के लिए भाग्य के दरवाजे खोल सकते हैं। पंचांग के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन मकर राशि में बुध, शुक्र, सूर्य और मंगल एक साथ राजयोग का निर्माण करेंगे, जिससे चतुर्ग्रही योग बन रहा है। इसके अलावा, इस दिन बुधादित्य योग, लक्ष्मी नारायण योग और मंगल अपनी उच्च राशि मकर राशि में बैठे होंगे, जिससे रुचक राजयोग बनेगा। इस दिन शिवयोग का भी संयोग रहेगा, जो इस पर्व को और अधिक फलदायी बना रहा है। इन सभी ग्रह योगों का असर खास तौर पर कुछ राशियों पर देखने को मिलेगा, जिन्हें धन, ज्ञान और मान-सम्मान तीनों का लाभ मिल सकता है। बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती को पीले रंग का भोग लगाना लाभकारी माना जाता है। इसलिए इस दिन मां सरस्वती को बेसन के लड्डू, पीले मीठे चावल, मालपुआ, केसर हलवा और राजभोग का भोग लगाएं।

**शुभ मुहूर्त**



रामराज कौशिक ने बताया कि पंचांग के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 23 जनवरी को तड़के 02.28 बजे प्रारंभ हो रही है, जो 24 जनवरी को को तड़के 01.46 बजे समाप्त होगी। ऐसे में उदिया तिथि के आधार पर बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी, शुक्रवार को मनाया जाएगा। बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त 23 जनवरी को सुबह 7 बजकर 15 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक का है।

### किड्जी स्कूल में बच्चों को बताया बसंत पंचमी का महत्व

लाडवा। किडजी स्कूल द्वारा बसंत पंचमी का उत्सव बड़े उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने मिलकर मां सरस्वती की विशेष पूजा की। इससे बुद्धि निर्मल



रहती है और अच्छी सोच का विकास होता है। इस दिन मां सरस्वती का जन्मदिन बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता। बसंत पंचमी के दिन पीला रंग बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, जो समृद्धि, ऊर्जा और ज्ञान का प्रतीक है। इस दिन पीले रंग के फूल, वस्त्र और मिठाइयां चढ़ाने से मां सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने बसंत पंचमी पर सरस्वती माता की पूजा की और बच्चों को बसंत पंचमी का महत्व बताया और सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर स्कूल की कोर्डिनेटर प्रभा, मुस्कान मग्गो, गीता, शिवानी, वर्षा, गौरव, गरिमा अरोड़ा, वंदना महक शर्मा, सिमरन ,सोनिया, रविंदर, डोली, निशु, शैलवी, सरबजीत स्वाति, कविता, सिमरन, गीता शर्मा, पल्लवी शर्मा, महक शर्मा, हिमांशी,सुनीता,गरिमा भावना, आदि अध्यापिकाएं मौजूद रही।

### बसंत पंचमी का पर्व ऋतु परिवर्तन एवं नई शुरुआत का प्रतीक

शाहबाद। सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास एवं पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर



भाग लिया और विद्यालय परिसर को उत्साह व उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी पर्व का महत्व समझाते हुए बताया कि यह पर्व ऋतु परिवर्तन, ज्ञान, विद्या एवं नई शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को बसंत पंचमी से जुड़ी परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने सुंदर-सुंदर पेंटिंग्स बनाईं तथा पतंग निर्माण गतिविधि में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। विद्यालय में पूरे दिन उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा और बच्चों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल कॉर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन व मोनिका घुम्मन, उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पतंग उड़ा कर हर्षोल्लास के साथ मनाया पर्व

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के अंतर्गत अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्या सुमन बाला ने मां शारदा के समक्ष दीप



प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने बसंत पंचमी' पर कविता, भाषण की प्रस्तुति दी। प्राचार्या ने बसंत पंचमी पर आचार्य दीदियों व छात्र/ छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए सरस्वती पूजन के बारे में बताया कि यह पर्व प्रकृति के नवजीवन और सृजन को दर्शाता है। प्राचीन काल से ज्ञान व कला की देवी मां सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर कक्षा दसवीं की छात्रा प्रिया ने उनके विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा समस्त विद्यालय परिवार को बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती की शुभकामनाएं दी।

## जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग सेशन का हुआ समापन


कुरुक्षेत्र। कैंप में शामिल जिलाध्यक्ष व पार्टी नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में चल रहे संगठन सृजन अभियान उत्तराखंड एवं हरियाणा जिला अध्यक्षों के ट्रेनिंग सेशन का वीरवार को समापन हो गया। समापन समारोह में ध्वजारोहण पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा के सह-प्रभारी प्रफुल्ल गुड़धे, सह मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह रहे। ध्वज रक्षक की भूमिका में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शिविर कोऑर्डिनेटर जयेंद्र रमोला रहे। कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों ने एक बार फिर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

## राहुल गांधी ने राजनीति के साथ आत्मरक्षा के सिखाए गुर : मेवा सिंह

सड़क से संसद तक जनता की आवाज उठाने का कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही जनता की आवाज को सड़क से संसद तक उठाने का काम किया है और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा वो सभी मुद्दे उठाए गए जिनसे देश को किसी भी प्रकार का नुकसान हो रहा है। भाजपा सरकार राहुल गांधी के सवालों का जवाब देने से घबराती रही है। उपरोक्त जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित हरियाणा और उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों को प्रशिक्षण देने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान प्रेस वार्ता में दी। मेवा सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा सभी जिलाध्यक्षों को कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा ओर



कुरुक्षेत्र। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ जिला अध्यक्ष मेवा सिंह व परिजन।

आगामी रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिससे सभी जिलाध्यक्षों में नई ऊर्जा का संचार भरने का काम राहुल गांधी ने किया। मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस में किसी भी प्रकार की कोई भी गुटबाजी नहीं बल्कि भाजपा गुटबाजी का शिकार होती जा रही है। आगामी समय में गांव से लेकर शहर तक कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता भाजपा की गलत नीतियों को उजागर करने का काम करेगा। मेवा सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राजनीति गुर सीखाने के साथ साथ आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए।

### गीता निकेतन के दो छात्र बने गणतंत्र दिवस परेड में होंगे विशेष अतिथि

कुरुक्षेत्र। देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र हर्षित एवं तन्मय गुप्ता को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह और परेड में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि उन्हें विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब में विकसित अपने अभिनव प्रोजेक्ट के माध्यम से मिली। इस प्रोजेक्ट में प्रदूषण को उपयोगी स्याही में परिवर्तित करने की तकनीक विकसित की गई है, जिसने अटल मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप रैंकिंग प्राप्त की। इस उल्लेखनीय नवाचार के चलते नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा देशभर से चुने गए कुल 100 प्रतिभाशाली छात्रों में हर्षित और तन्मय का चयन किया गया है। ये दोनों छात्र नवाचार भारत के प्रतिनिधि के रूप में गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनेंगे और उन्हें विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दोनों छात्रों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

### रीना वाल्मीकि के घर पहुंचे कांग्रेस नेता सामाजिक समरसता की पेश की मिसाल



कुरुक्षेत्र। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े वरिष्ठ नेताओं ने रीना गावस्कर वाल्मीकि के घर एक साथ पहुँचकर सामाजिक समरसता और बराबरी का मजबूत संदेश दिया। यह अवसर कांग्रेस के लिए न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टीम के अहम सहयोगियों ने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी रीना गावस्कर वाल्मीकि के निवास पर पहुँचकर उनके परिवार के साथ समय बिताया। नेताओं ने लगभग दो घंटे तक उनके घर रुककर परिवार के साथ भोजन किया और आत्मीय बातचीत की। इन नेताओं में कांग्रेस प्रशिक्षण विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी सचिन राव, तिरुवलूर से सांसद और सर्वोदय संगम के राष्ट्रीय प्रभारी एस. कण्ठ सेंटिल, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य चल्ला वामशी चंद्र रेड्डी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा के सह-प्रभारी प्रफुल्ल गुड़धे (दादा), प्रशिक्षक अरुण शर्मा और सुमित शर्मा शामिल रहे। बताया जा रहा है कि ये सभी नेता कुरुक्षेत्र की पंजाबी धर्मशाला में पिछले दस दिनों से हरियाणा और उत्तराखंड के कांग्रेस जिला अध्यक्षों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल थे। इस अवसर पर ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बहादुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पाला राम, वित्त सचिव कैप्टन राजपाल सिंह, पास्टर हरि चंद, राजेश बहादुर, जगमाल सिंह, मनोज कुमार, प्रदीप सिंह सहित महासभा के कई स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकतार्ओं का कहना है कि राहुल गांधी अब जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को पूरा सम्मान दे रहे हैं, जो पार्टी के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है।

हर वर्ष 23 जनवरी को मनाया जाता है 'तिरंगा अधिकार दिवस'

## सांसद जिंदल के प्रयासों से हर नागरिक को मिला तिरंगा फहराने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा केवल तीन रंगों का प्रतीक नहीं, बल्कि देश की आत्मा, सम्मान और करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। तिरंगे के प्रति सम्मान और उसे गर्व के साथ फहराने का अधिकार आज हर नागरिक को प्राप्त है, लेकिन इस अधिकार के पीछे सांसद नवीन जिंदल की वर्षों लंबी ऐतिहासिक कानूनी लड़ाई छिपी है। इसी उपलब्धि की स्मृति में हर वर्ष 23 जनवरी को तिरंगा अधिकार दिवस मनाया जाता है। 23 जनवरी 2004 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि संविधान के तहत हर नागरिक को सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार है। यह निर्णय सांसद नवीन जिंदल द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में लड़ी गई निर्णायक कानूनी लड़ाई का परिणाम था। इससे पहले तिरंगा फहराने को लेकर आम नागरिकों पर कई तरह की पाबंदियां थीं, जिन्हें इस फैसले ने समाप्त कर दिया। बाद में नागरिकों को वस्त्रों पर भी राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग का अधिकार मिला, जिससे तिरंगा जनझजीवन



का अभिन्न अंग बन गया। सी विचार को आगे बढ़ाते हुए सांसद नवीन जिंदल की प्रेरणा से फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की स्थापना की गई। आज यह संस्था देशभर में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, संरक्षण और जागरूकता के लिए अग्रणी भूमिका निभा रही है। वर्तमान में फाउंडेशन द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में 200 से अधिक विशालकाय तिरंगे स्थापित किए जा चुके हैं, जो राष्ट्रीय एकता और गौरव के सशक्त प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष 2026 में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत कुरुक्षेत्र से हुई है।

**कार्यक्रम** | गीतों को सुनकर दर्शकों ने किया पंजाबी भांगड़ा

पिहोवा के लोगों का जीता दिल

## पंजाबी गायक हरजीत हरमन ने सरस्वती तीर्थ पर बिखेरे पंजाबी गीतों के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

विश्व प्रसिद्ध पंजाबी गायक हरजीत हरमन ने अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पवित्र सरस्वती तीर्थ पर पंजाबी गीतों से रंग भर दिया। इन पंजाबी गीतों पर दर्शक झूम उठे और तालियां बजाकर पंजाबी गायक का अभिवादन किया। इस गायक ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन पंजाबी गीतों को प्रस्तुत करके पिहोवा वासियों व पर्यटकों का दिल जीत लिया। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से सरस्वती तीर्थ पर पंजाबी गायक हरजीत हरमन की सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या का हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, भाजपा के जिला अध्यक्ष



तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने दीपशिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर व उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने पंजाबी गायक हरजीत हरमन और उनकी टीम को बोर्ड की तरफ से स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

### सरस्वती नदी के फिर से प्रवाहित होने से कई क्षेत्रों के भूजल स्तर में हुआ सुधार : कश्यप

पिहोवा। इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि पिहोवा मां सरस्वती तीर्थ एक ऐतिहासिक तीर्थ है। सरस्वती का उद्गम स्थल आदिबद्री के से लेकर विभिन्न गांवों व शहरों से होते हुए पिहोवा शहर में आती



है। यहां पर जो गांव रेड जोन मे थे, वे सरस्वती नदी के जल आने से विभिन्न गांवों का जल स्तर उपर आ गया है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि शहर के जिन स्थानों से सरस्वती नदी निकल रही है, वहां पर दोनों तरफ पटड़ी बनाकर पेड़ लगाकर सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि इसका सीधा फायदा आमजन को मिल सकें, वे इस पटड़ी पर स्वस्थ रहने के लिए सुबह शाम सैर कर सकें। विधायक रामकुमार कश्यप एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के चौथे दिन कार्यक्रमों का शुभारंभ करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। इससे पहले विधायक रामकुमार कश्यप व कैथल के जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर ने दीप प्रज्वलित करके विधिवत रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव पिहोवा सरस्वती तीर्थ को अंतरराष्ट्रीय स्तर ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा।

